कार्यालय अपर पुलिस उपायुक्त, यातायात, कमिश्नरेट वाराणसी।

ट्रैफिक एडवाइजरी

दिनांक- 29-01-2025

प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के मौनी अमावस्या स्नान के उपरान्त 30 जनवरी को काशी में आने वाले श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या के दृष्टिगत श्रद्धालुओं व स्थानीय निवासियों की सुविधाओं के दृष्टिगत यातायात के सन्दर्भ में एडवाइजरी-

1. भदऊ चुंगी से गोलगड्डा, कैण्ट रेलवे स्टेशन, लहरतारा, मण्डुवाडीह, भिखारीपुर, सुन्दरपुर होकर जाने वाले मार्ग का प्रयोग करें एवं इसी मार्ग से वापस लौटें।
2. वाराणसी शहर के अन्दर के हिस्सों में (भेलूपुर, चेतगंज, कोतवाली, लक्सा, सिगरा थाना क्षेत्र) ऑटो व ई-रिक्शा के आवागमन पर पूर्णत: प्रतिबन्ध रहेगा।
3. काशीवासियों से अपील है कि शहर के अन्दर (भेलूपुर, चेतगंज, कोतवाली, लक्सा, सिगरा थाना क्षेत्र) अति आवश्यक होने पर ही अपने चार पहिया वाहनों का उपयोग करें, जिससे यातायात व्यवस्थित रूप से चलाया जा सके।
4. आपातकालीन सेवाओं से सम्बन्धित वाहनों को प्रतिबन्धों से बाहर रखा गया है।
5. बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों से निवेदन है कि यातायात पुलिस द्वारा जारी ट्रैफिक एडवाइजरी का पालन कर सहयोग करें।

मीडिया सेल
अपर पुलिस उपायुक्त यातायात
कमिश्नरेट वाराणसी।